मूल्य 1 रु.
वर्षः 15 - अंक : 08, मुंबई, सोमवार, 21 अप्रैल, 2025 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान
दैनिक
# मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर




DESI™ VILLAGE
RESTAURANT & CAFE
DUBAI

## सीएम फडणवीस के जनता दरबार में उमड़ी भीड़



### सुनीं शिकायतें, किया आश्वस्त

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अपने सचिवालय में नागरिकों की समस्याएं और शिकायतें सुनीं। उनके जनता दरबार में अपना दुखड़ा लेकर 2000 से अधिक नागरिक पहुंचे। सभी से उन्होंने मुलाकात की और सारी समस्याएं सुनीं। 626 लोगों, संस्थाओं आदि से उन्होंने आवेदन स्वीकार किए और संबंधित विभागों को उचित कार्यवाही के लिए निर्देश दिए। उनके दरबार में न केवल शहर बल्कि जिले के ग्रामीण भागों व दूसरे जिलों से भी नागरिक अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे थे। हैदराबाद हाउस में लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी थी लेकिन उन्होंने सभी से मुलाकात कर उनकी कठिनाइयों के निराकरण हेतु आश्वस्त किया।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

## मुंबई-पुणे हाईवे पर भीषण सड़क हादसा

### ट्रक ने 5 वाहनों को मारी टक्कर, तीन लोगों की मौत



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** पुराने मुंबई-पुणे राजमार्ग पर एक भीषण हादसा हो गया एक तेज रफ़्तार मालवाहक ट्रक ने पांच वाहनों को टक्कर मार दी। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई और 14 अन्य घायल हो गए। इनमें से चार गंभीर रूप से घायल हो गए है। पुलिस और एम्बुलेंस सहित आपातकालीन सेवाओं ने तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल पहुंचाने में मदद की। एक तेज रफ्तार ट्रक ने खड़ी ढलान पर नियंत्रण खो दिया और एक के बाद एक पांच वाहनों को टक्कर मार दी। यह दुखद घटना पुराने मुंबई-पुणे राजमार्ग पर बोरघाट में रविवार देर रात घटी, जिसमें कार में सवार पिता और पुत्री की मौके पर ही मौत हो गई।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

## शिंदे को पसंद नहीं आ रही राज-उद्धव की करीबी!



### दोनों भाइयों की सुलह की अटकलों पर भड़के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे के बीच संभावित सुलह की अटकलों को हवा देते उनके बयानों से संकेत मिलता है कि वे मामूली मुद्दों को नजरअंदाज कर सकते हैं और लगभग दो दशक के कटु मतभेद के बाद हाथ मिला सकते हैं। महाराष्ट्र की सियासत में पिछले दो दिनों से इसकी खूब चर्चा हो रही है। लेकिन डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे को यह बात पसंद नहीं आ रही हैं। एक-दूसरे से अलग हो चुके चचेरे भाइयों उद्धव और राज ठाकरे के बीच सुलह की अटकलों पर प्रतिक्रिया मांगे जाने पर महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे नाराज हो गए और संवाददाता से कहा कि वह सरकार के काम के बारे में बात करें।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

## गेटवे ऑफ इंडिया के पास जेट्टी परियोजना पर लगा ब्रेक

### स्थानीय लोग कर रहे विरोध, कहा- यह पर्यावरण के लिए खतरा

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** मुंबई के प्रसिद्ध स्थलों में से एक कोलाबा स्थित गेटवे ऑफ इंडिया नौका यातायात का केंद्र है, जो लोकप्रिय पर्यटन स्थल एलिफेंटा गुफाओं और मांडवा गांव तक पर्यटकों को पहुंचाने संबंधी दैनिक सेवाएं प्रदान करता है। मुंबई में गेटवे ऑफ इंडिया के निकट यात्री जेट्टी निर्माण किया जाना है। लेकिन फिलहाल यह परियोजना अटक गई है। प्रस्तावित जेट्टी और टर्मिनल का निर्माण गेटवे ऑफ इंडिया से लगभग 500 मीटर की दूरी पर रेडियो क्लब के पास होना है। मुंबई में गेटवे ऑफ इंडिया के निकट प्रस्तावित यात्री जेट्टी का निर्माण स्थानीय लोगों के विरोध के कारण अटक गया है। स्थानीय लोगों का मानना है इससे पर्यावरण के लिए और विरासत स्थलों के लिए खतरा पैदा होगा।

(शेष पृष्ठ 3 पर)



### जेट्टी निर्माण के लिए बनाए गए प्लेटफॉर्म को हटाया

जैसे-जैसे परियोजना आगे बढ़ी, स्थानीय निवासियों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने पत्रों, बैठकों और एक ऑनलाइन याचिका के माध्यम से एमएमबी अधिकारियों से सभी काम रोकने का आह्वान किया और मांग की कि परियोजना को दक्षिण मुंबई में किसी अन्य स्थान प्रिंसेस डॉक, फेरी घाट या बैलार्ड एस्टेट पर स्थानांतरित किया जाए। विरोध के कारण, जेट्टी निर्माण के लिए बनाए गए प्लेटफॉर्म को हटा दिया गया है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### आग और ना भड़काएं

**मुख्यमंत्री ने इसे पूर्व नियोजित दंगा बताया है। यह सच है, तो इसे अजीब बात माना जाएगा कि साजिश की राज्य सरकार को भनक तक नहीं लगी। क्या यह जिम्मेदारी ममता बनर्जी को स्वीकार नहीं करनी चाहिए?**

भारत ऐसे दुर्भाग्यपूर्ण दौर में है, जहां सामाजिक तनाव की घटनाओं को शांत करने के बजाय राजनीतिक दलों की निगाह उससे अधिकतम संभव लाभ बटोरने पर टिक जाती है। यह भी अफसोसनाक है कि आम सोच में ऐसी कोशिशों को स्वाभाविक समझा जाने लगा है। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में वक्फ संशोधन कानून को लेकर हुई हिंसा के बाद ये प्रवृत्तियां साफ देखने को मिली हैं। लोग यह कहने में कोई हिचक महसूस नहीं करते कि अगले वर्ष विधान सभा चुनाव होना है, तो पार्टियां सांप्रदायिकता की आग में रोटी सेंकेंगी ही। फिलहाल, मुर्शिदाबाद की घटना के क्रम में पड़ोसी बांग्लादेश को भी घसीट लिया गया है। उधर बांग्लादेश ने भी भारत के अंदरूनी मामले में टिप्पणी करने में कोई गुरेज नहीं बरता है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सांप्रदायिक हिंसा और आगजनी की घटनाओं में बांग्लादेशी अपराधियों का हाथ होने का आरोप लगाया। लगे हाथ उन्होंने भाजपा और केंद्र सरकार को भी लपेटे में लिया। मुख्यमंत्री ने इसे पूर्व नियोजित दंगा बताया। अगर यह सच है, तो इसे बड़ी अजीब बात माना जाएगा कि राज्य में दंगे की साजिश रची गई और राज्य सरकार को उसकी भनक तक नहीं लगी। क्या यह जिम्मेदारी मुख्यमंत्री को स्वीकार नहीं करनी चाहिए? उधर भाजपा पूछा कि हिंसा में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार 200 से ज्यादा लोगों में से कितने बांग्लादेशी हैं। बेशक, इस बात की जानकारी राज्य सरकार को अवश्य देनी चाहिए। उचित यही है कि किसी अन्य देश पर इल्जाम ठोस सबूत के आधार पर ही लगाया जाए। मगर ऐसा करने के बजाय ममता बनर्जी ने सियासी रंग देने की कोशिश में बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की थाईलैंड में हुई मुलाकात का जिक्र करते हुए पूछ लिया कि ह्याआप लोगों की योजना क्या है? किसी एजेंसी के जरिए वहां से लोगों को लाकर यहां दंगा कराना? दंगों के मौकों पर भाजपा का व्यवहार तो अक्सर भड़काऊ रहता है। मगर यहां ममता बनर्जी का रवैया भी कम आपत्तिजनक नहीं है। जबकि दोनों पक्षों पर जिम्मेदारी है कि वे भड़के जज्बातों को शांत करें। मगर वे उलटा खेल कर रहे हैं।

# बिहार को उत्कृष्ट राज्य बनाने को एनडीए सरकार संकल्पित : डॉ दिलीप जायसवाल, प्रदेश अध्यक्ष

## परिचर्चा 'मेरे सपनों का बिहार' का आयोजन होटल मौर्या में हुआ, शाहनवाज हुसैन ने भी रखे अपने विचार

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**पटना।** होटल मौर्या स्थित कौटिल्य सभागार में मदरलैंड वॉइस दैनिक समाचार पत्र द्वारा आयोजित परिचर्चा 'मेरे सपनों का बिहार' कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य लोगों को संबोधित करते हुए बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल ने कहा बिहार को उत्कृष्ट बनाने के लिए एनडीए सरकार संकल्पित है और इस दिशा में निरंतर तीव्र गति से काम भी हो रहा है। आगे उन्होंने कहा बिहार के विकास के साथ ही प्रदेशवासियों का भी उत्थान सुनिश्चित हो रहा है। डॉ दिलीप जायसवाल ने कहा हम सबको एकसाथ मिलकर बिहार को आगे बढ़ाने में सक्रिय भूमिका का निर्वाह करनी चाहिए। सोशल मीडिया के जमाने में सकारात्मक सोच वाले समाज के प्रहरी को आगे आने की आवश्यकता है ताकि नकारात्मक सोच वाले व्यक्ति की एक नहीं चलने पाए। आयोजकों ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल को अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। परिचर्चा के बतौर मुख्य वक्ता शाहनवाज हुसैन ने भी अपने विचार रखे।




# पत्नी सुख के चक्कर में कानपुर में लुटेरी दुल्हन का शिकार हुआ रिटायर्ड सीओडी कर्मी

## लाखों की जरूरत लेकर भागी लुटेरी दुल्हन की तलाश जारी, सुराग अब तक नहीं पहले भी तकरीबन आधा दर्जन लोग हो चुके लुटेरी दुल्हनों का शिकार

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**कानपुर।** पत्नी सुख के चक्कर में एकांकी जीवन बिताने वाला सेवानिवृत्ति सी ओडी कर्मी लुटेरी दुल्हन का शिकार हो गया। वह लाखों के जेवरात लेकर भाग गई ,जिसके बाद पुलिस उसकी तलाश कर रही है, लेकिन उसका सुराग अब तक नहीं मिल पाया है। खास बात यह भी कि लुटेरी दुल्हन का शिकार होने वाला यह सीओडी कर्मी पहला नहीं है। इसके पहले भी तकरीबन आधा दर्जन लोग इसी तरह से शिकार बनाए जा चुके हैं।

प्राप्त विवरणके मुताबिक मूलरूप से सीतापुर निवासी रिटायर्ड सीओडी कर्मी 62 साल के हरीश कुमार शुक्ला के परिवार में कोई न होने के चलते वह एकाकी जीवन जी रहे थे। साथ ही नौकरी के दौरान वे सनिगवां में एक किराये के मकान में रह रहे थे। तभी उनकी मुलाकात दूसरे मकान में किराये पर रहने वाली महिला (45) के साथ हुई। इसके बाद दोनों में बातचीत होती थी। हरीश कुमार ने बताया कि महिला ने उनके एकाकी जीवन को देखकर उनसे शादी कर देखभाल करने का झांसा दिया। इसके बाद बीती 11 फरवरी 2025 को उन्होंने महिला से आर्य समाज मंदिर में शादी कर ली। हरीश कुमार ने बताया कि वह महिला को लेकर सनिगवां में ही किराये के मकान में रहने लगे। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि आरोप है कि एक-दो दिन रुकने के बाद महिला देर रात तीन लाख रुपए नगद और दो लाख की कीमत के जेवर लेकर फरार हो गई। पुलिस की तलाश कर रही है लेकिन समाचार लिखे जाने तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है।



# पीएम के लिए तैयारियों का जायजा लेने कानपुर पहुंचे योगी आदित्यनाथ, किया मेट्रो में सफर

**कानपुर।** आगामी 24 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित आगमन के लिए तैयारियों का जायजा लेने के इरादे से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज रविवार को कानपुर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में स्थित नेयवली पॉवर प्लांट का भ्रमण किया। करीब 40 मिनट तक उन्होंने प्लांट में रुककर टरबाइन व कंट्रोल यूनिट का निरीक्षण कर प्लांट अधिकारियों के साथ बैठक कर जानकारी ली व दिशा निर्देश दिए। इसके बाद उनका हेलीकॉप्टर कानपुर के लिए उड़ गया। मुख्यमंत्री का हेलीकाप्टर कानपुर के चकेरी से उड़कर करीब 12.50 पर पॉवर प्लांट में लैंड हुआ। उसके बाद उन्होंने प्लांट की यूनिटों का निरीक्षण किया। इसके बाद प्लांट के अधिकारियों के साथ बैठक कर जानकारी लेने के साथ दिशा निर्देश भी दिए। प्लांट के अधिकारियों ने बताया कि 660- 660 मेगावाट की तीन यूनिटें में पहली यूनिट चालू हो चुकी है। राम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथने अधिकारियों के साथ भी बैठक करके आवश्यक कार्य निर्देश दिए। अपने आगमन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेट्रो का भी सफर किया। इस मौके पर उनके साथ विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ,मंत्री राकेश सचान सांसद देवेंद्र सिंह भोले, ग्रामीण जिलाध्यक्ष उपेंद्र पासवान और जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरुण भी मौजूद रहे।



मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# माहिम में दो नाबालिग लड़कियों के साथ बलात्कार!

**मुंबई।** मुंबई के माहिम से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। माहिम पुलिस ने दो अलग-अलग घटनाओं में दो लड़कियों के साथ कथित तौर पर बलात्कार करने के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, इन नाबालिग लड़कियों के साथ एक ही स्थान पर माहिम दरगाह के पीछे बलात्कार की घटना हुई। पहली घटना २३ मार्च को हुई और दूसरी ४ अप्रैल को। दोनों मामलों की सूचना १० अप्रैल को पुलिस को मिली है। माहिम पुलिस थाने के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने दो नाबालिगों को बिना किसी वयस्क के स्टेशन की ओर जाते देखा, जिसके बाद अधिकारियों ने उन्हें वन



स्टॉप सेंटर ले जाने के लिए कहा, जो महिलाओं के लिए एकीकृत सहायता सेवाएं प्रदान करता है। १५ और १७ साल की पीड़ित लड़कियां अपने परिवार के साथ हुए मामूली विवादों के चलते अपने घर से चली गई थीं। बांद्रा स्टेशन पहुंचने पर उन्होंने कई हफ्तों तक माहिम दरगाह में शरण ली। लड़कियों ने खुलासा किया कि आरोपी उनकी मदद करने के बहाने उन्हें घुमाने ले जाता था। ऐसे ही एक मौके पर उसने कथित तौर पर उनके साथ बलात्कार किया। अधिकारी ने बताया कि नाबालिगों को उनके परिवारों के साथ फिर से मिला दिया गया है। आरोपी रेहान अनवर अली खान (१९), और गणेश उर्फ मगदुम भीमा (१९), दरगाह परिसर में मजदूर के रूप में काम करते हैं। पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने दावा किया कि लड़कियों के साथ जो भी हुआ उनकी सहमति और बातचीत से हुई थी। पुलिस आरोपियों के बयान के बाद मामले की जांच कर रही है।

# मुंबई हलचल के संवाददाता 'डिजिटल न्यूज लीडर' अवॉर्ड की दौड़ में, पत्रकारिता को नई दिशा देने वाला चेहरा

मुंबई हलचल/संवाददाता

**मुंबई।** जब मैंने पत्रकारिता की दुनिया में कदम रखा था, तो सिर्फ एक सपना था—सच्चाई की आवाज को मंच देना, समाज के लिए सार्थक पत्रकारिता करना और हर उस कहानी को सामने लाना जो अनसुनी रह जाती है। आज, उसी सफर में एक नया पड़ाव जुड़ गया है—मैं डिजिटल न्यूज लीडर के तौर पर नामांकित हुआ हूं। यह सिर्फ मेरी नहीं, उन तमाम आवाजों की जीत है जिन्हें आपने मेरे माध्यम से सुना, समझा और सराहा। यह नामांकन मेरा नहीं, आप सबका है—मेरे पाठकों का, दर्शकों का और मेरे उन साथी पत्रकारों का, जिन्होंने हर कदम पर मेरा साथ दिया। इस मंच पर मेरा नाम आना एक सम्मान है, लेकिन असली जीत तब




होगी जब आप मुझे अपना वोट देकर मेरे प्रयासों को और सशक्त बनाएंगे। आपका एक वोट न सिर्फ मेरे लिए समर्थन है, बल्कि उस विचारधारा का भी समर्थन है जो ईमानदार, निष्पक्ष और संवेदनशील पत्रकारिता को बढ़ावा देती है। मैं **OTV Ifsight Awrds** में नामांकित हुआ हूं, और मेरा विश्वास है कि जिस विश्वास के साथ आपने अब तक मेरा साथ दिया है, वही भरोसा अब वोट के रूप में सामने आएगा। आपका समर्थन, मेरी ताकत। आपका वोट, मेरी प्रेरणा। आपका विश्वास, मेरी पहचान। सादर अनुरोध है कि मेरे इस सफर को अपनी सहभागिता से और गौरवमयी बनाएं। आइए, एक सशक्त और सजग पत्रकारिता के लिए साथ खड़े हों।

# डिजीटल मीडिया विभाग राष्ट्रीय महासचिव बनाए गए सैय्यद रिजवान अली

**भोपाल।** पत्रकार सुरक्षा और कल्याण के लिए प्रतिबद्ध अखिल भारतीय संगठन प्रेस क्लब ऑफ वर्किंग जर्नलिस्टस पंजीकृत के राष्ट्रीय संरक्षक/संयोजक की सहमति से संगठन के संस्थापक अध्यक्ष डॉक्टर सैयद खालिद कैस ने आज डिजिटल मीडिया विभाग का पुनर्गठन करते हुए प्रादेशिक संयोजकों के नामों की घोषणा की। घोषणा अनुसार राष्ट्रीय संगठन महासचिव शशि दीप मुंबई को पुनः डिजिटल मीडिया विभाग का राष्ट्रीय संयोजक का दायित्व सौंपा गया है। राष्ट्रीय कार्यकारिणी में श्री डॉक्टर जाकिर शेख बैतूल मध्य प्रदेश, श्री बाबूलाल नागा जयपुर राजस्थान, श्री सैयद रिजवान अली



धार मध्य प्रदेश को राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया है। राष्ट्रीय सचिव का दायित्व श्री अनमोल कृष्णन जम्मू कश्मीर, श्री टोटाडा श्रीनिवास आंध्र प्रदेश, श्री इकबाल अंसारी महाराष्ट्र, सुनील योगी , श्री शहाब मलिक मध्य प्रदेश, श्री राजू असरानी को सौंपा गया है। इसी प्रकार श्री अनिल धोसरिया मध्य प्रदेश, श्री बाबू लाल नागा राजस्थान, श्री प्रकाश मुत्तु स्वामी तमिलनाडु, श्री मोहम्मद शिराज तेलंगाना, श्री रवीना घोष पश्चिम बंगाल, श्री डिंपल कुमार हरियाणा, श्री सुरिंदर सिंह दिल्ली, श्रीमति भारती माखीजानी गुजरात, डॉक्टर चंद्र कुमार मिश्रा महाराष्ट्र, प्रोफेसर अब्राहम ओ चाको केरल, श्री अर्नब शरमा आसाम, श्री पी आसिफ इकबाल आंध्र प्रदेश को प्रदेश संयोजक का दायित्व सौंपा गया है।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### मुंबई-पुणे हाईवे पर भीषण सड़क हादसा

पुलिस द्वारा दी गई प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, जब ट्रक मुंबई की ओर जा रहा था, तब खंडाला घाट की ढलान पर ब्रेक फेल हो जाने के कारण चालक ने नियंत्रण खो दिया। इसके बाद ट्रक ने विपरीत दिशा से आ रहे पांच वाहनों को टक्कर मार दी। टक्कर में कार में सवार 45 वर्षीय व्यक्ति और उसकी 13 वर्षीय बेटी की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना मिलने पर लोनावाला पुलिस, बोरघाट यातायात पुलिस और स्थानीय आपातकालीन बचाव दल मौके पर पहुंच गया। घायलों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया। क्रेन की मदद से दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटाया गया और कुछ ही देर में राजमार्ग पर यातायात बहाल कर दिया गया। इस बीच, दुर्घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया और लोनावला पुलिस ने उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने चालक का पता लगाने के लिए इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच शुरू कर दी है। इस हादसे से खंडाला इलाके में हड़कंप मच गया है और पिता-पुत्री की मौत से परिवार पर दुर्भाग्य का पहाड़ टूट पड़ा है। स्थानीय नागरिकों ने घाट रोड पर लगातार हो रही दुर्घटनाओं पर कड़ी नाराजगी जताई है और प्रशासन से सख्त कदम उठाने की मांग की है।

### गेटवे ऑफ इंडिया के पास जेट्टी परियोजना पर लगा ब्रेक

स्थानीय निवासियों के 229 करोड़ रुपये की इस परियोजना के खिलाफ एकजुट होने के बीच, उन्हें विभिन्न दलों के राजनेताओं से समर्थन मिल रहा है। हालांकि राज्य सरकार ने उनकी चिंताओं को दूर करने का आश्वासन दिया है तथा इस बात पर जोर दिया है कि जेट्टी-सह-टर्मिनल भवन से आम लोगों को लाभ होगा। स्थानीय लोग इसे पर्यावरण के लिए और आसपास के क्षेत्र में स्थित ऐतिहासिक स्थलों के लिए खतरा बता रहे हैं। लोग परियोजना का विरोध करने के लिए क्लीन हेरिटेज कोलाबा रेजिडेंट्स एसोसिएशन के बैनर तले एकजुट हुए हैं। राज्य विधानसभा अध्यक्ष और भाजपा विधायक राहुल नार्वेकर, शिवसेना के राज्यसभा सदस्य मिलिंद देवड़ा, दक्षिण मुंबई से शिवसेना (यूबीटी) के लोकसभा सदस्य अरविंद सावंत, समाजवादी पार्टी के नेता अबू आसिम आजमी और अन्य राजनेताओं ने प्रदर्शनकारी निवासियों का समर्थन किया है। इस परियोजना को दो वर्ष में पूरा किया जाना है। जिसमें गेटवे ऑफ इंडिया से सभी नाव यातायात का मार्ग परिवर्तित करने, मौजूदा भीड़भाड़ को कम करने तथा पुराने ढांचों को उन्नत किया जाना है। उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने परियोजना के लिए 2025-26 के बजट में 229 करोड़ रुपये आवंटित किए। बंदरगाह मंत्री नितेश राणे ने 14 मार्च को भूमिपूजन किया।

### शिंदे को पसंद नहीं आ रही राज-उद्धव की करीबी!

शनिवार को जब डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे सतारा जिले में अपने पैतृक गांव दरे में थे, तो एक संवाददाता ने उनसे शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के अध्यक्ष राज ठाकरे के बीच सुलह की चर्चा पर प्रतिक्रिया मांगी। इस पर शिंदे चिढ़ गए और उन्होंने संवाददाता की बात अनुसनी कर दी। डिप्टी सीएम ने कहा कि काम के बारे में बात करें। राज ठाकरे ने फिल्म निर्माता महेश मांजरेकर को दिए साक्षात्कार में कहा कि उन्हें अविभाजित शिवसेना में उद्धव के साथ काम करने में कोई समस्या नहीं थी। इस बयान के बाद सुलह की अटकलें शुरू हुईं। राज ठाकरे ने कहा कि सवाल यह है कि क्या उद्धव उनके साथ काम करना चाहते हैं। मनसे प्रमुख ने कहा है कि मराठी मानुष के हित में एकजुट होना कठिन नहीं है, तो वहीं पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कहा कि वह छोटी-मोटी लड़ाइयां भूलने के लिए तैयार हैं, बशर्ते कि महाराष्ट्र के हितों के खिलाफ काम करने वालों को तरजीह न दी जाए। उद्धव का इशारा संभवतः हाल ही में राज ठाकरे आवास पर उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की मेजबानी करने की ओर था। अपने चचेरे भाई का नाम लिए बिना उद्धव ठाकरे ने कहा था कि चोरों की मदद करने से कुछ हासिल नहीं होने वाला। उनका स्पष्ट इशारा भाजपा और शिंदे नीत शिवसेना की ओर था।

### सीएम फडणवीस के जनता दरबार में उमड़ी भीड़

दिव्यांगजन, महिलाएं, विविध सामाजिक संस्थाओं के शिष्टमंडल, युवा, विद्यार्थी व ज्येष्ठ नागरिकों ने निवेदन दिए। दोपहर 12 से 3 बजे तक वे लगातार जनता जनार्दन की समस्याएं सुनते रहे। इस दौरान विभागीय आयुक्त विजयलक्ष्मी बिदरी, पुलिस आयुक्त डॉ. रविंद्र सिंगल, मनपा आयुक्त अभिजीत चौधरी, एनआईटी चेयरमैन संजय मीना, जिलाधिकारी विपिन इटनकर, महामेट्रो के व्यवस्थापकीय संचालक श्रावण हर्डीकर, ऊर्जा विभाग, सार्वजनिक बांधकाम, भूमि अभिलेख, समाज कल्याण आदि विभागों के आलाधिकारी भी उपस्थित थे। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायतों के निपटारे के निर्देश दिए। बीते महीने औरंगजेब की कब्र को लेकर हुए दंगे के बाद अनेक उत्पातियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया था और उन्हें जेल भेज दिया गया था। मकसूद हुसैन वास्ती के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने सीएम के जनता दरबार में उनसे मुलाकात की। निवेदन किया गया कि हिंसा के दौरान जिनकी गिरफ्तारी हुई उनमें अनेक बेगुनाह नागरिक है। वे एक महीने से जेल में बंद हैं और गंभीर घायल हैं।

## खबर संक्षेप

### बेटे की शादी में नाच रहे पिता की अचानक मौत



**भराड़ी।** उपतहसील भराड़ी की पंतेहड़ा पंचायत के पट्टा रणौतां गांव में एक शादी की खुशियां मातम में बदल गई। शुक्रवार शाम को पट्टा रणौतां गांव के निवासी जगत राम के बड़े बेटे की शादी समारोह धूमधाम से चल रहा था। वहां पर डीजे की धुन पर लोग नाच गा रहे थे। शनिवार तड़के बारात रवाना होने से पहले पिता जगतराम की मौत हो गई।

### दंपती को कार ने मारी टक्कर, 15 फीट दूर गिरे



**भरतपुर।** राजस्थान के भरतपुर जिले में एक दर्दनाक एक्सीडेंट का मामला सामने आया है। यहां उच्चैन थाना क्षेत्र में सड़क किनारे चल रहे पति-पत्नी को एक तेज रफ्तार कार ने पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि पति-पत्नी उछलकर काफी दूर जाकर गिरे। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। महिला की मौत हो गई है।

### अनुराग कश्यप अपना ज्ञान बढ़ाएं: मनोज



**मुंबई।** गीतकार-लेखक मनोज मुंतशिर ने अनुराग कश्यप के ब्राह्मणों पर पेशाब करने वाले बयान पर रिएक्ट किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया है। इस वीडियो में मनोज ने अनुराग को कड़ी चेतावनी देते हुए उन्हें अपने सीमित ज्ञान के कारण सावधानी से शब्दों का चयन करने की सलाह दी है।

### खड़े इंडिगो विमान से टकराया टेंपो ट्रैवलर



**बेंगलुरु।** बेंगलुरु एयरपोर्ट में शुक्रवार को एक टेंपो ट्रैवलर ने एक इंडिगो विमान को टक्कर मार दी। इस हादसे में ट्रैवलर के चालक को मामूली चोटें आईं हैं। इंडिगो के बयान में कहा गया है कि चालक की लापरवाही के कारण टेंपो ट्रैवलर विमान से टकराया और मामले की जांच की जा रही है।

---

### मुर्शिदाबाद हिंसा के खिलाफ भाजपा ने बंगाल सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा

# शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे लोगों पर लाठीचार्ज का आदेश किसने दिया? जवाबदेही तय हो

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मजूमदार ने ममता सरकार पर निशाना साधा

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा को लेकर सियासत जारी है। मुर्शिदाबाद हिंसा समेत अन्य मुद्दों को लेकर केंद्रीय मंत्री और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार के नेतृत्व में बालुरघाट में विरोध मार्च निकाला गया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच झड़प भी हुई।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने ममता बेनर्जी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि आज हमारे कार्यकर्ता शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे थे, लेकिन पुलिस ने हम पर लाठीचार्ज किया। मैं पूछना चाहता हूं कि पुलिस को किसने लाठीचार्ज करने का ऑर्डर दिया और जो भी इसका जिम्मेदार है, उसकी जवाबदेही तय होनी चाहिए। मुझे लगता है कि पुलिस का लाठीचार्ज प्री-प्लान था। कई कार्यकर्ताओं को चोटें भी आई हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

हिंदुओं को अपनी रक्षा करने की जरूरत

बालुरघाट में विरोध मार्च निकाला



**बंगाल में प्रेसिडेंट रूल के तहत चुनाव हों**

उन्होंने कहा कि बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग करना राजनीतिक विषय है, लेकिन हमने मांग की है कि जहां 50 फीसदी से कम हिंदुओं की आबादी है, वहां ये लोग वोट नहीं डालने देंगे। प्रेसिडेंट रूल के तहत चुनाव होना चाहिए, सब लोगों को वोट डालने का अधिकार मिलना चाहिए।

**सनातन धर्म के लोग एक साथ रहें तो हार नहीं सकते**

भाजपा नेता अर्जुन सिंह ने मुर्शिदाबाद हिंसा को लेकर टीएमसी सरकार पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि हिंदुओं को अपनी रक्षा करने की जरूरत है। अगर हिंदुओं में एकता और जागरूकता आ जाए तो मुसलमान उनसे (हिंदुओं) कभी नहीं लड़ सकते। हिंदू एक ऐसी कम्युनिटी है, जिसने 800 वर्षों तक गुलामी झेलने के बाद भी भारत वर्ष में सनातन को जिंदा रखा है। अगर सनातन धर्म के लोग एक साथ रहें तो इस लड़ाई में कभी नहीं हार सकते।

**हिंदुओं को बचाना आज समय की मांग**

उन्होंने कहा कि बंगाल में बोलने से तो राष्ट्रपति शासन नहीं लगेगा, जिस तरह से मुस्लिम अत्याचार कर रहे हैं और सरकार मिलकर साथ दे रही है, उनके खिलाफ आवाज उठानी होगी, तभी राष्ट्रपति शासन लागू होगा। नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने मीडिया सेकहा कि आज हम हिंदू बचाओ रैली निकाल रहे हैं। हिंदुओं को बचाना है और ममता बेनर्जी को भगाना है।

**बंगाल की आग पर फारूक का केंद्र पर वार**

### नफरत को बताया हिंसा की वजह



जम्मू से नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा को लेकर केंद्र सरकार और प्रशासन पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि जान-बूझकर हिंदू और मुसलमानों के बीच नफरत पैदा की जा रही है, जिसकी वजह से यह नफरत अब हिंसा में बदल रही है। फारूक ने कहा कि मुर्शिदाबाद में जो हुआ वो सिर्फ नफरत का नतीजा है। वहां बुलडोजर चलाए गए। मस्जिदें गिरा दी गईं।

### मुर्शिदाबाद में पिता-पुत्र की हत्या के मुख्य आरोपियों में से एक गिरफ्तार



मुर्शिदाबाद जिले में एक व्यक्ति और उसके बेटे की हत्या के मुख्य आरोपियों में से एक को गिरफ्तार कर लिया गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को बताया कि शमशेरगंज के जाफराबाद में दो लोगों की हत्या के मामले में यह चौथी गिरफ्तारी है। गिरफ्तार किए गए व्यक्ति की पहचान जाफराबाद के पड़ोसी गांव सुलिताला पुरबापारा निवासी जियाउल शेख के रूप में हुई है।

**वक्फ पर बनाया 'बत्ती गुल' प्लान**

### लगातार प्रदर्शन करेंगे: पर्सनल लॉ बोर्ड



वक्फ कानून को लेकर कई राज्यों में विरोध प्रदर्शन देखने को मिल रहे हैं। साथ ही इसको लेकर सुप्रीम कोर्ट में भी सुनवाई चल रही है। अब हैदराबाद में रविवार को ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने एक महासभा आयोजित की, जिसे एआईएमआईएम का समर्थन मिला। इस महासभा में लगातार विरोध प्रदर्शन की घोषणा की गई। इस दौरान ये भी घोषणा की गई है कि 30 अप्रैल को ब्लैकआउट विरोध प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें रात 9 बजे घरों की सभी लाइटें बंद रहेंगी।

---

**रेखा ने लागू किया केंद्र जैसा मॉडल**

# एक मंत्री 7 विधायक, 8 लोगों की टीम गठित की



**यह टीम विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में विकास का रखेगी पूरा लेखा-जोखा**

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

दिल्ली में तेजी से विकास के लिए रेखा गुप्ता सरकार ने पीएम मोदी वाला मॉडल लागू कर दिया है। केंद्र की मोदी सरकार की सांसद आदर्श ग्राम योजना की तर्ज पर दिल्ली सरकार ने भी अपने सभी मंत्रियों को 7-7 विधायकों की जिम्मेदारी सौंपी है। हर एक मंत्री के साथ 7 विधायक लगाए गए हैं। 8 लोगों की यह टीम उन 7 विदानसभा सीटों पर योजना के तहत काम करेगी। तय करेगी की डेवपमेंट की योजनाएं फाइलों में न अटके। तेजी से उसे जमीन पर उतारा जाए। हर हफ्ते इसकी मीटिंग होगी। जिन मंत्रियों को विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों की जिम्मेदारी दी गई है, उन्होंने एक वॉट्सएप ग्रुप भी बनाया है। इस ग्रुप में सरकारी योजनाओं की जानकारी शेयर की जाती है। यह सुनिश्चित किया जाता है कि जो भी फैसले सरकार ले रही है, उसकी जानकारी नीचे तक पहुंचे, ताकि लोगों तक उसे पहुंचा जा सके। इसी के माध्यम से विधायक अपनी रिपोर्ट भी देंगे, जिसे सीएम तक पहुंचाया जाएगा। तुरंत काम करने के लिए सरकार ने यह कोशिश शुरू की है।

**अब नहीं होगी पानी की चोरी आ गए जीपीएस**

दिल्ली में पानी की चोरी और धांधली रोकने के लिए जीपीएस वाले टैंकरों की शुरुआत हो रही है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली में 1000 से अधिक नए पानी के टैंकरों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन पानी के टैंकरों में जीपीएस लगा होगा। जिससे इनपर नजर रखी जा सकेगी। दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने बुरारी के डीडीए मैदान में 1,111 जीपीएस युक्त पानी के टैंकरों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### 'दिल्ली को युधिष्ठिर की राजधानी बनाएंगे



दिल्ली के लोक निर्माण विभाग एवं जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने कहा कि हम दिल्ली को लंदन पेरिस बनाने का दावा नहीं करते हैं। हम देश की राजधानी दिल्ली को युधिष्ठिर की राजधानी जैसी थी, वैसी बनाने का वादा करते हैं। दिल्ली सरकार द्वारा 1111 जीपीएस सिस्टम से लैस पानी के टैंकरों को रविवार को बुराड़ी स्थित संत निरंकारी मैदान से रवाना करते हुए मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा कि आज जो आप देख रहे हैं, वह हमारी सरकार के सुशासन और पारदर्शिता मॉडल का परिणाम है।

---

**जयपुर में एसीबी की बड़ी कार्रवाई**

## सुपरिटेंडेंट इंजीनियर के 6 जिलों में स्थित ठिकानों पर की छापेमारी

मुंबई हलचल / जयपुर



राजस्थान भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के सुपरिटेंडेंट इंजीनियर अशोक जांगिड़ के जयपुर सहित 6 जिलों में स्थित ठिकानों पर छापेमारी की। रविवार अल सुबह टीमें प्रदेश के अलग-अलग शहरों में पहुंची। आय से अधिक संपत्ति के मामले में यह कार्रवाई हुई है। अशोक की फिलहाल बांसवाड़ा में तैनाती है। जांगिड़ के जयपुर शहर, कोटपूतली, मौजमाबाद , उदयपुर, अजमेर, टोंक के विभिन्न ठिकानों के साथ पीएचईडी कार्यालय बांसवाडा, खनिज कार्यालय उदयपुर, टोंक, अजमेर, जयपुर व उप पंजीयक कार्यालय पावटा, मौजमाबाद में दो टीमें सर्च में लगी हैं। उनके स्वयं के नाम 19 , पत्नी सुनिता के नाम 3 परिसंपत्तियां, पुत्र निखिल के नाम 32 परिसंपत्तियां हैं।

**कानून मंत्रालय ने कहा**

## केंद्र से जुड़े मुकदमों को कम करने के लिए खास कदम उठाए गए

मुंबई हलचल / नई दिल्ली



कानून मंत्रालय ने कहा है कि जनहित में लिए गए फैसलों को अगर ठीक से लागू नहीं किया जाए, तो इससे लोगों को अदालत का दरवाजा खटखटाना पड़ सकता है। इससे केंद्र सरकार पर कानूनी बोझ बढ़ता है। मंत्रालय ने सरकार से जुड़े मुकदमों की संख्या को कम करने के लिए खास कदम उठाए हैं। अदालतों में करीब सात लाख मामलों में केंद्र सरकार एक पक्ष है। अकेले वित्त मंत्रालय ही लगभग 1.9 लाख मामलों में पक्षकार है। ये जानकारी कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने फरवरी महीने में राज्यसभा में दी थी। कानून मंत्रालय के अनुसार अस्पष्ट आदेश लोगों को परेशान करते हैं। इससे या तो लाभार्थियों को लाभ नहीं मिलता। इसके साथ ही कानूनी प्रक्रिया को सरल बनाया जाएगा।

***खरगे ने बक्सर में 'जय बापू, जय भीम, जय संविधान' रैली को संबोधित किया***

## नीतीश कभी हमारी गोद में आकर बैठ जाते हैं तो कुर्सी के लिए वे मोदी के साथ हो जाते

मुंबई हलचल / नई दिल्ली



■ भाजपा,जेडीयू पर साधा निशाना

बिहार में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होंगे। रविवार को कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बिहार के बक्सर के दलसागर स्टेडियम में 'जय बापू, जय भीम, जय संविधान' रैली में उन्होंने नीतीश कुमार और भाजपा के गठबंधन को मौकापरस्त बताया। कुर्सी के लिए नीतीश कभी कांग्रेस की गोद में आते हैं तो कभी भाजपा में जाते हैं।

**एनडीए सरकार इस बार जानी चाहिए**

खरगे ने कहा कि नीतीश सिर्फ कुर्शी के लिए बार-बार पाला बदलते हैं। नीतीश ने उससे गठबंधन किया, जिसने महात्मा गांधी की हत्या की थी। पीएम मोदी झूठ की फैक्ट्री चला रहे हैं। बिहार में एनडीए सरकार इस बार जानी चाहिए।

**गांधी परिवार किसी के सामने नहीं झुकेगा**

खरगे ने कहा कि भाजपा हमें दुश्मन मानते हैं। उसने राहुल, सोनिया और रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ जांच शुरू की है, यह हमें खत्म करने के लिए है। गांधी परिवार किसी के सामने झुकने वाला नहीं है।

**लोगों से ज्यादा खाली कुर्सी दिखीं :** खरगे की बिहार में भारी फजीहत हुई। सभा में लोगों से ज्यादा खाली कुर्सी दिखाई दी। जनसभा से भीड़ पूरी तरह से गायब थी। खरगे सभा को संबोधित कर रहे थे और कुर्सियां खाली पड़ी हुई थीं।

---

### 15 दिन में दूसरी बार डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ पूरे अमेरिका में प्रदर्शन

# हजारों लोगों ने राष्ट्रपति आवास को घेरा, पोस्टर में लिखा- 'महाभियोग लाओ... ट्रंप को हटाओ'

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

अमेरिका में प्रदर्शनकारी ट्रंप की नीतियों का विरोध करने में जुटे। सड़क पर उतरे लोगों ने ट्रंप को लोकतंत्र के लिए खतरा बताया। ये प्रदर्शन सभी 50 राज्यों में हुए। प्रदर्शनकारी ट्रंप की टैरिफ वॉर की नीतियों, सरकारी नौकरियों में छंटनी का विरोध कर रहे हैं। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति आवास व्हाइट हाउस का घेराव किया

अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ जनता का गुस्सा बढ़ता ही जा रहा है। राष्ट्रव्यापी आंदोलन के दो हफ्ते बाद पूरे अमेरिका में दोबारा शनिवार को हजारों लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी ट्रंप की नीतियों का विरोध करने में जुटे हैं। सड़क पर उतरे लोगों ने ट्रंप को लोकतंत्र के लिए खतरा बताया। ये प्रदर्शन सभी 50 राज्यों में हुए। प्रदर्शनकारी ट्रंप की टैरिफ वॉर की नीतियों, सरकारी नौकरियों में छंटनी का विरोध कर रहे हैं।

इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति आवास व्हाइट हाउस का घेराव किया। लोगों ने ट्रंप पर नागरिक और कानून के शासन को कुचलने का आरोप लगाया।

इस आंदोलन को 50501 नाम दिया गया है, जिसका मतलब '50 विरोध प्रदर्शन, 50 राज्य, 1 आंदोलन' है। प्रदर्शनकारियों ने व्हाइट हाउस के अलावा टेस्ला के शोरूम का भी घेराव किया। ट्रंप के खिलाफ प्रदर्शनों का यह दूसरा दौर है। इससे पहले 5 अप्रैल को ट्रंप के खिलाफ पूरे देश में प्रदर्शन हुए थे।

- 50501 यानी 50 विरोध प्रदर्शन, 50 राज्य, 1 आंदोलन
- 5 अप्रैल को भी ट्रंप के खिलाफ पूरे देश में प्रदर्शन हुए थे
- ट्रंप और मस्क की नीतियों के खिलाफ किए गए हैं प्रदर्शन




**झंडा उलटा कर बताया देश संकट में**

डेनवर में सैकड़ों की संख्या में प्रदर्शनकारी कोलोराडो राज्य कैपिटल में जुटे। उन्होंने आप्रवासियों के साथ एकजुटता व्यक्त की। लोगों ने बैनरों पर लिख रखा था कि 'हाथ मत लगाओ।' कुछ लोगों ने अमेरिका का झंडा फहराया तो कुछ ने उसे उल्टा कर दिया, ताकि यह बताया जा सके कि देश में संकट का समय चल रहा है। व्हाइट हाउस के बाहर ट्रंप के खिलाफ पोस्टर लेकर विरोध करती एक महिला ने पोस्टर पर लिखा- ट्रंप को अल सल्वाडोर जेल में डिपोर्ट कर दिया जाए।

**सरकारी कर्मचारियों को नौकरी से निकाला**

राजधानी वॉशिंगटन डीसी समेत सभी राज्यों में प्रदर्शन की बड़ी वजह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और कारोबारी इलॉन मस्क की आक्रामक नीतियां हैं। इलॉन मस्क का दक्षता विभाग लगातार सरकारी विभागों में छंटनी कर रहा है। अब तक हजारों सरकारी कर्मचारियों को नौकरी से निकाला जा चुका है। दूसरी तरफ डोनाल्ड ट्रंप की अप्रवासियों पर कार्रवाई और दूसरे देशों पर टैरिफ लगाने की सख्त पॉलिसी भी इन प्रदर्शनों की एक बड़ी वजह है।

**'कोई राजा नहीं... अत्याचार का विरोध करें'**

प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वे ट्रंप के नागरिक अधिकारों और संवैधानिक उल्लंघनों के खिलाफ हैं। न्यूयॉर्क में हाथों में तख्तियां लेकर लोगों की भीड़ मुख्य पुस्तकालय के बाहर जुटी। इन तख्तियों में अमेरिका में 'कोई राजा नहीं' और 'अत्याचार का विरोध करें' जैसे नारे लिखे थे।

**ट्रंप के काम से खुश हैं 45% वोटर्स**

अमेरिकी सर्वे एजेंसी गैलप के मुताबिक 45% अमेरिकी वोटर्स ट्रंप के पहले 3 महीने के कामकाज से खुश हैं, जबकि ट्रंप के पहले कार्यकाल के शुरुआती 3 महीनों में 41% वोटर्स ही उनके कामकाज से संतुष्ट थे। हालांकि यह बाकी राष्ट्रपतियों की तुलना में बेहद कम है।

---

**गर्भवती होने पर खुला मामला, स्कूल का शिक्षक और परिचित गिरफ्तार**

# नाबालिग छात्रा के साथ शिक्षक ने किया दुष्कर्म

मुंबई हलचल / गौरेला पेंड्रा मरवाही

स्कूल में पढ़ने वाली छात्रा के साथ दुष्कर्म किये जाने का मामला सामने आया है। मामले का खुलासा तब होता है जब पीड़िता गर्भवती हो गई। मामले में नाबालिग छात्रा के साथ स्कूल के शिक्षक और पीड़िता के परिचय के व्यक्ति के द्वारा दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया है। फिलहाल पीड़िता और परिजनों की शिकायत पर मरवाही और पेंड्रा थाने में दो अलग-अलग एफआईआर दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जीपीएम जिले में एक शर्मसार करने का मामला सामने आया है जिसमें एक नाबालिग के गर्भवती होने के बाद खुलासा हुआ है कि नाबालिग को दो लोगों ने अपनी हवस का शिकार बनाया है। पहला मामला स्वामी मरवाही के स्वामी आत्मानंद स्कूल में पढ़ाने वाले शिक्षक के द्वारा दुष्कर्म आरोपी शिक्षक ने छात्रा के साथ स्कूल परिसर में किया। आरोपी मरवाही के ही बरैहा इलाके में रहने वाले जुगल किशोर दिनकर है, शिक्षक के द्वारा नाबालिग से जनवरी माह से लगातार आरोपी पीड़िता के साथ अनाचार कर रहा था, तो दूसरे मामले में पीड़िता के परिचय का आरोपी त्रिलोक आर्मो ने भी नाबालिग छात्रा के साथ एक बर्थडे पार्टी में मौका देखकर उसे बहला फुसलकर उसके साथ सुनसान जगह में दुष्कर्म किया।



***पुलिस कर रही जांच***

*पीड़िता जब गर्भवती हुई और घर वालों के द्वारा पीड़िता से पूछताछ किये जाने पर मामले का खुलासा हुआ। फिलहाल पीड़िता और उसके परिजनों की शिकायत पर मरवाही के बरैहा में रहने वाले शिक्षक जुगल किशोर दिनकर और पेंड्रा के जिल्दा गांव में रहने वाले त्रिलोक आर्मो के खिलाफ दुष्कर्म का अपराध दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस फिलहाल मामले में आगे की कार्यवाही में जुट गई है।*

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## भारतीय विज्ञान संस्थान के 30 वैज्ञानिक कर रहे काम

# नई सेमीकंडक्टर 'एंग्स्ट्रॉम-स्केल' चिप ईजाद करने सरकार को दिया प्रस्ताव

*भारतीय विज्ञान संस्थान के 30 वैज्ञानिकों के एक दल ने सरकार को 'एंग्स्ट्रॉम-स्केल' चिप विकसित करने का प्रस्ताव दिया है। ये इस समय तैयार हो रहे सबसे छोटे चिप से भी छोटे हैं। इस दल ने सरकार को '2डी मटेरियल' नामक सेमीकंडक्टर सामग्रियों के एक नए वर्ग का इस्तेमाल करके प्रौद्योगिकी विकसित करने का प्रस्ताव दिया है।*

मुंबई हलचल / नई दिल्ली


वैश्विक उत्पादन में सबसे छोटे चिप के 10वें हिस्से जितना छोटा चिप बनाया जा सकता है। इस तरह सेमीकंडक्टर में भारत का नेतृत्व विकसित हो सकता है। इस समय सेमीकंडक्टर विनिर्माण में सिलिकॉन-आधारित प्रौद्योगिकियों का प्रभुत्व है। इसका नेतृत्व अमेरिका, जापान, दक्षिण कोरिया और ताइवान जैसे देश कर रहे हैं।

### सौंपी परियोजना रिपोर्ट

एक सूत्र ने बताया, "आईआईएससी के वैज्ञानिकों के एक दल ने अप्रैल, 2022 में प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार को एक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट सौंपी, जिसे संशोधित करके अक्टूबर, 2024 में फिर से पेश किया गया। बाद में रिपोर्ट को इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय के साथ साझा किया गया। इस परियोजना में एंग्स्ट्रॉम-स्केल चिप विकसित करने की बात कही गई है, जो आज तैयार हो रहे सबसे छोटे चिप्स से भी छोटे हैं।"

### 500 करोड़ रुपए देने का अनुरोध

आईआईएससी के नेतृत्व वाले प्रस्ताव में अगली पीढ़ी के सेमीकंडक्टर के लिए स्वदेशी प्रौद्योगिकी विकसित करने के लिए पांच वर्षों में लगभग 500 करोड़ रुपए की राशि देने का अनुरोध किया गया है। इस परियोजना में प्रारंभिक वित्तपोषण चरण के बाद आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए एक मसौदा भी दिया गया है।



### 2डी सेमीकंडक्टर के विकास का प्रस्ताव

डीपीआर में ग्रेफीन और ट्रांजिशन मेटल डाइचेलकोजेनाइड्स जैसी बेहद बारीक सामग्रियों का उपयोग करके 2डी सेमीकंडक्टर के विकास का प्रस्ताव है। इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय के सूत्रों ने पुष्टि की है कि इस प्रस्ताव पर चर्चा चल रही है।एक अधिकारी ने कहा, "मेइटी इस परियोजना के बारे में सकारात्मक है। मेइटी के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार और सचिव ने इस पर बैठकें की हैं। मेइटी ऐसे इलेक्ट्रॉनिक्स अनुप्रयोगों की खोज कर रहा है, जहां इस तकनीक को लागू किया जा सकता है।"

### सेमीकंडक्टर निर्माण के लिए विदेशों पर निर्भर

भारत इस समय सेमीकंडक्टर निर्माण के लिए विदेशी कंपनियों पर बहुत अधिक निर्भर है। यह एक ऐसी प्रौद्योगिकी है, जो आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा, दोनों लिहाज से महत्वपूर्ण है। ताइवान के पीएसएमसी के साथ साझेदारी में टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स देश की सबसे बड़ी सेमीकंडक्टर परियोजना स्थापित कर रही है। इसमें 91,000 करोड़ रुपये का निवेश शामिल है। इस परियोजना को भारत सेमीकंडक्टर मिशन के तहत मंजूरी दी गई है और यह सरकार से 50 प्रतिशत पूंजी सहायता के लिए पात्र है।

# सास-दामाद की प्रेम कहानी पर भारी पड़ेगी समधी-समधन की लव स्टोरी!

**इस मामले में महिला के बेटे छोटू का कहना है कि मेरे पापा घर पर नहीं रहते थे। मम्मी हर तीसरे दिन समधी को बुलाती थी। वह घर में उनके साथ रहती थी। हमें दूसरे कमरे में भेज दिया जाता था। एक दिन जब दोनों को एक साथ देख लिया तो मुझे पीटा भी गया।**

**बदायूं।** बदायूं में एक महिला को अपनी बेटी के ससुर से प्यार हो गया। दोनों का प्रेम प्रसंग इतना बढ़ गया कि दोनों ने एक दूसरे के साथ रहने का फैसला कर लिया। एक दूसरे का हाथ थामकर जिंदगी गुजारने की ठान ली। घरवाले उनके प्यार में बाधा न बनें, इसलिए दोनों ससुराल वाले घर से फरार हो गए। इस मामले में पति ने बताया कि वह बाहर रहता था। पहले शक हुआ और सुधरने का मौका दिया। फिलहाल दोनों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। समधी का घर में आना जाना था। मोहल्ले वालों को भी कोई आपत्ति नहीं थी, क्योंकि वह रिश्तेदार था। वह रात को 12 बजे घर आता था और सुबह जल्दी चला जाता था। दातागंज कोतवाली क्षेत्र निवासी सुनील ने अपनी बेटी की शादी 2022 में बदायूं सदर कोतवाली क्षेत्र निवासी शैलेंद्र के बेटे से की थी। पीड़ित पति ने बताया कि उसकी शादी 2002 में ममता से हुई थी,



जिसके दो बेटे और दो बेटियां हैं। बड़ी बेटी की शादी 2022 में हुई थी। ट्रक चलाने के कारण वह अक्सर बाहर रहता था। पत्नी के कहने पर वह उसे पैसे देता था। इस दौरान समधी शैलेंद्र घर पर आने लगा। उसके उसकी पत्नी ममता से संबंध थे। ममता 11 अप्रैल को शैलेंद्र के साथ भाग गई। पति ने शुक्रवार रात को इस पूरे मामले की शिकायत पुलिस से की है। वह लंबे रूट पर ट्रक चलाने का काम करता है। महिला के चार बच्चे हैं। अब महिला और समधी ने साथ-साथ जीवन बिताने का फैसला किया है। यह मामला अलीगढ़ की घटना जैसा ही है, जहां सास अपने दामाद के साथ भाग गई थी। इस मामले में महिला के बेटे छोटू का कहना है कि मेरे पापा घर पर नहीं रहते थे। मम्मी हर तीसरे दिन समधी को बुलाती थी। वह घर में उनके साथ रहती थी। हमें दूसरे कमरे में भेज दिया जाता था। एक दिन जब दोनों को एक साथ देख लिया तो मुझे पीटा भी गया। बेटे ने बताया कि मेरी मां अपने समधी शैलेंद्र के साथ गई है। वह कार से यहां आया था। मैंने उसे जाते हुए देखा था।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# ईद मिलन एवं नवनियुक्त न्यायाधीशों का अभिनंदन समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न












**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**मुंबई।** अचीवर्स बैंक्वेट हाल नं. 2, पुलिस मुख्यालय के पास सोलापुर में 16 अप्रैल 2025 को ईद मिलन एवं नवनियुक्त न्यायाधीशों के सम्मान में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर न्यायिक समुदाय, वरिष्ठ अधिवक्ता, प्रशासनिक अधिकारीगण तथा गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। समारोह की शुरूआत पारंपरिक अंदाज में 'ईद मुबारक' की शुभकामनाओं के आदान-प्रदान से हुई। ईद मिलन के इस पावन अवसर पर सभी समुदायों के लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया। इसके उपरांत हाल ही में नियुक्त न्यायाधीशों का पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं शॉल ओढ़ाकर अभिनंदन किया गया। वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में न्यायपालिका की महत्ता और न्यायाधीशों की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने नवनियुक्त न्यायाधीशों को उनके उत्तरदायित्वों की शुभकामनाएं दीं और आशा व्यक्त की कि वे निष्पक्ष एवं न्यायोचित निर्णयों से समाज में न्याय की स्थापना करेंगे। इस समारोह में कार्यक्रम अध्यक्ष माननीय श्री मनोज शर्मा (मुख्य, जिला एवं सत्र न्यायाधीश सोलापुर), पद्मश्री उज्जवल निकम (विशेष लोक अभियोजक, महाराष्ट्र राज्य), अधिवक्ता अनिता हवालदार और मुजरिन जेलर जज पद के लिए परीक्षा पास की हैं। इन दोनों को सम्मानित किया गया। ॲड विजय शिंदे (अध्यक्ष सोलापुर बार एसोसिएशन सोलापुर), अधिवक्ता खनीब वकील (अध्यक्ष चैरिटी कमिश्नर, सोलापुर), दै. मुंबई हलचल के संपादक दिलशाद एस. खान, अधिवक्ता असीम बांगी, अधिवक्ता परवेझ कुरनुरकर, अधिवक्ता शाहबाज दिलशाद खान समारोह उपस्थित रहे। समारोह का समापन सामूहिक भोज एवं आपसी संवाद के साथ हुआ, जिसमें विविध व्यंजनों का सभी ने आनंद लिया। यह आयोजन समरसता, सद्भाव और न्याय के मूल्यों को प्रबल करने वाला सिद्ध हुआ।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# थलपति विजय संग डेटिंग की अफवाहों पर तृषा कृष्णन ने तोड़ी चुप्पी



**तृषा कृष्णन** साउथ इंडस्ट्री की मशहूर एक्ट्रेसेस में से एक हैं। एक्ट्रेस अक्सर अपनी अभिनय से फैंस का दिल जीतती रहती हैं। लेकिन पिछले काफी लंबे वक्त से ये खबर आ रही थी कि एक्ट्रेस थलपति विजय को डेट कर रही हैं। ऐसे में अब चल रही चर्चाओं के बीच एक्ट्रेस ने शादी को लेकर बात की। दरअसल, हाल ही में एक प्रेस मीट में एक्ट्रेस ने अपनी पर्सनल लाइफ पर खुलकर की। इस दौरान त्रिशा ने अपने को-एक्टर कमल हासन और सिलंबरासन टीआर के साथ अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट और शादी को लेकर भी कई बाते बोलीं। हालांकि, तृषा बहुत जल्द मणिरत्नम की फिल्म ठग लाइफ में दिखाई देने वाली हैं और फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। जब बातचीत के दौरान एक्ट्रेस से उनकी शादी की योजनाओं के बारे में पूछा गया तो जवाब में उन्होंने कहा कि वह शादी के कॉन्सेप्ट में विश्वास नहीं करती हैं और अपने जीवन से संतुष्ट हैं, चाहे वह शादीशुदा हों या नहीं। उन्होंने आगे कहा कि मैं शादी में विश्वास नहीं रखती, लेकिन अगर ऐसा होता है तो सही है। दूसरी तरफ, इसी बात पर कमल हासन ने भी कहा कि ये 10-15 साल पहले की बात है। जब एमपी ब्रिटास मेरे काफी अच्छे दोस्त हुआ करते हैं। उन्होंने कॉलेज के छात्रों के सामने मुझसे पूछा कि आप एक अच्छे ब्राह्मण फैमली से हैं और आपने दो बार मैरिज कैसे की? मैंने कहा कि अच्छे परिवार से होने का शादी से क्या मतलब है? उन्होंने कहा नहीं, लेकिन आप भगवान राम की पूजा करते हैं और इसलिए वैसे ही जीते हैं जैसे वो जिया करते थे। इस बात को क्लियर करते हुए उन्होंने आगे कहा कि सबसे पहले, मैं किसी भगवान की पूजा नहीं करता हूं। लेकिन मैं राम के मार्ग पर नहीं चलता; बल्कि शायद मैं उनके पिता दशरथ के रास्ते पर चलता हूं। क्योंकि उनकी तीन पत्नियां हैं।



# केसरी 2 ने तीसरे दिन भरी हुंकार

अक्षय कुमार की फिल्म केसरी चैप्टर 2 ने रविवार को छप्पर फाड़ कमाई की और इसने 2025 में रिलीज हुई 11 फिल्मों को पहले सप्ताहांत में कारोबार के मामले में पीछे छोड़ दिया है। शुक्रवार और शनिवार को केसरी 2 फिल्म का बॉक्स ऑफिस पर प्रदर्शन औसत दर्जे का रहा, लेकिन रविवार को फिल्म ने जबरदस्त कमाई की और रविवार को फिल्म की कमाई का आंकड़ा दहाई के आंकड़े को पार करने में कामयाब हो गया है,आइए जानते हैं रविवार को केसरी चैप्टर 2 ने कितने का कारोबार किया। अक्षय कुमार की फिल्म ह्यकेसरी चैप्टर 2 रिलीज होने से काफी समय पहले से ही सुर्खियों में थी और फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा था। अंदाजा यह लगाया जा रहा था कि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर रिलीज होने के साथ जबरदस्त प्रदर्शन करेगी और फिल्म को अच्छी ओपनिंग मिलेगी, लेकिन फिल्म ने पहले दिन 7.5 करोड़ का कलेक्शन किया। दूसरे दिन 9.75 करोड़ का कारोबार हुआ, जो फिल्म को लेकर की गई उम्मीद से कम था। लेकिन रविवार को फिल्म ने अच्छा प्रदर्शन किया। तीसरे दिन यानी संडे को फिल्म ने 12.75 करोड़ रुपए का कारोबार किया। इसी के साथ तीन दिन यानि पहले सप्ताहांत में फिल्म की कुल कमाई 29.75 करोड़ पहुंच गई जिसे करीब 30 करोड़ कहा जा सकता है।



# 'गर्व' में रोल से हिचकिचा रहे थे सलमान

**सलमान खान** को जब भी पुलिसवाले के किरदार में देखा गया है, दर्शकों ने उन्हें हाथों-हाथ लिया है। दबंग में उनका चश्मा घुमाने और बेल्ट डांस वाला अंदाज आज भी याद किया जाता है, लेकिन इससे पहले भी 2004 में उन्होंने फिल्म गर्व: प्राइड एंड ऑनर में एक दबंग इंस्पेक्टर का किरदार निभाया था। दिलचस्प बात यह है कि इस फिल्म को करने के लिए सलमान शुरू में तैयार नहीं थे। हाल ही में निर्देशक पुनीत इस्सर ने एक इंटरव्यू में बताया कि सलमान को शुरूआत में गर्व की स्क्रिप्ट सनी देओल टाइप की लगी थी। जब पुनीत ने सलमान को कहानी सुनाई तो उन्होंने चौंकते हुए कहा, यह कहानी मेरे पास क्यों लाए हो? ये तो सनी पाजी की फिल्म जैसी है! दरअसल, उस समय सलमान हम आपके हैं कौन, बीवी नंबर 1 और जुड़वा जैसी हल्की-फुल्की फिल्मों के लिए पहचाने जाते थे, जिनमें उनकी लवर बॉय इमेज काफी मजबूत थी। लेकिन पुनीत इस्सर ने उन्हें समझाया कि यह फिल्म उनके लिए एक अवसर है अपनी अभिनय की रेंज को दिखाने का। स्क्रिप्ट पढ़ने के बाद सलमान को किरदार इतना पसंद आया कि उन्होंने तुरंत हां कर दी। पुनीत बताते हैं, सलमान ने इस किरदार में खुद को पूरी तरह समर्पित कर दिया था। एक अभिनेता जंगली घोड़े की तरह होता है, अगर कोई उसे सही दिशा दे दे, तो वह कमाल कर सकता है।